नाम............................ अनुक्रमांक...................

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा–2026
# हिन्दी
**A** **कक्षा–10**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश–**प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट–**(i) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में खण्ड–'अ' तथा खण्ड–'ब' विभाजित है।

(ii) खण्ड 'अ' में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iii) खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं। जिनके अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**खण्ड 'अ'** **20×1=20**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

1. **'महादेवी वर्मा' द्वारा रचित रेखाचित्र है–**
(A) जिंदगी मुस्कुराई (C) गाँव की साँझ
(B) अतीत के चलचित्र (D) बाजे पायलिया के घुँघरू।

2. **'कोणार्क' के रचनाकार हैं–**
(A) जगदीश माथुर (C) जयशंकर प्रसाद
(B) रामकुमार वर्मा (D) विष्णु प्रभाकर।

3. **'तूफानों के बीच' रचना किस विधा की रचना है–**
(A) कहानी (B) उपन्यास (C) एकांकी (D) रिपोर्ताज।

4. **'चलो चाँद पर चलें' के रचनाकार हैं–**
(A) धर्मवीर भारती (C) अज्ञेय
(B) जयप्रकाश भारती (D) मोहन राकेश।

5. **'पंच परमेश्वर' कहानी के लेखक हैं–**
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (C) यशपाल
(B) प्रेमचन्द (D) राजेन्द्र यादव।

6. **भक्तिकाल की रचना है–**
(A) साकेत (B) विनय पत्रिका (C) लहर (D) प्रेम माधुरी।

7. **'केशवदास' किस काल के कवि हैं ?**
(A) आदिकाल (B) रीतिकाल (C) भक्तिकाल (D) आधुनिक काल

8. **'भारत-भारती' के रचनाकार हैं–**
(A) मैथिलीशरण गुप्त (C) माखनलाल चतुर्वेदी
(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (D) सूरदास।

9. **'रीतिमुक्त' काव्यधारा के कवि हैं–**
(A) बिहारीलाल (B) पद्माकर (C) केशवदास (D) घनानन्द।

10. **महादेवी वर्मा कवयित्री हैं–**
(A) द्विवेदी युग की
(B) प्रगतिवादी युग की
(C) छायावादी युग की
(D) प्रयोगवादी युग की

11. **'प्रिय पति वह मेरा प्राण प्यारा कहाँ है, दुःख जलनिधि डूबी का सहारा कहाँ है', प्रस्तुत पंक्ति में रस है–**
(A) करुण रस
(B) हास्य रस
(C) भयानक रस
(D) वीभत्स रस।

12. **'चरण कमल बन्दौ हरि राई' में कौन-सा अलंकार है–**
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा (C) श्लेष (D) रूपक।

13. **सोरठा के प्रथम एवं तृतीय चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं–**
(A) 11–11 (B) 13–13 (C) 16–16 (D) 24–24

14. **'शताब्दी' में कौन-सा समास है–**
(A) द्विगु (B) बहुव्रीहि (C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व।

15. **'अनुग्रह' में प्रयुक्त उपसर्ग है–**
(A) अनु (B) अ (C) अन् (D) अनू

16. **'संसार' का पर्यायवाची है–**
(A) दुनिया (B) विश्व (C) भूमण्डल (D) ये सभी।

17. **'तद्' शब्द का तृतीया बहुवचन का रूप है–**
(A) तैः (B) तैभ्यः (C) ताभ्यः (D) ताभ्याम्

18. **आज्ञा वाचक वाक्य में होता है–**
(A) आज्ञा (B) निर्देश (C) विनय (D) ये सभी।

19. **वाच्य का भेद नहीं है–**
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य (C) भाववाच्य (D) क्रियावाच्य।

20. **हिन्दी में पदों की संख्या होती है–**
(A) चार (B) छः (C) आठ (D) सात

**खण्ड 'ब'** **2+2+2=6**

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
हँसमुख चेहरा, बातचीत का ढंग थोड़ी चतुराई या साहस ये दो-चार बातें किसी में देखकर लोग चटपट उसे अपना बना लेते हैं। हम लोग यह नहीं सोचते कि मैत्री का उद्देश्य क्या है तथा जीवन के व्यवहार में उसका कुछ मूल्य भी है। यह बात हमें नहीं सूझती कि यह एक ऐसा साधन है, जिससे आत्मशिक्षा कार्य बहुत सुगम हो जाता है। एक प्राचीन विद्वान का वचन–विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा होती है जिसे ऐसा मित्र मिल जाए उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।
(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) प्रस्तुत अवतरण में लेखक क्या कहना चाहता है ?

**अथवा**

हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है। उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है। पर कुछ ही समय के बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जाएगा और आज जो तरुण है वही वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे। उनके स्थान में तरुणों का फिर दूसरा दल आ जाएगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा। दोनों के ही स्वप्न सुखद होते हैं क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं।
(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) हिन्दी साहित्य में आजकल किसका निर्माण हो रहा है ?

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2+2+2=6**
मानुष हौं तो वही रसखानि, बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो, चरौं नित नन्द की धेनु मझारन।
पाहन हौं तो वही गिरि को, जो धर्यों पुर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौं तो बसेरो करौं, मिलि कालिन्दी-कूल कदम्ब की डार।
(क) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) रसखान जी की क्या इच्छा है ?

**अथवा**

सच्चा प्रेम वही है जिसकी तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है, करो प्रेम पर प्राण निछावर।
देश-प्रेम वह पुण्य-क्षेत्र है, अमल असीम त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास से जिसमें, मनुष्यता होती है विकसित।
(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) कवि के अनुसार वास्तविक प्रेम क्या है ?

23. **निम्नलिखित में से किसी एक संस्कृत गद्यांश की सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए–** **2+3=5**
(क) एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृत भाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगल युवराज दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय-दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत् यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसी भाषायां कारितः।

**P.T.O.**

**अथवा**

(ख) नागरिकः बहुकालं यावत् अचिन्तयत्, परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न अभवत्। अतः ग्रामीणम् अवदत् ”अहम् अस्याः प्रहेलिकाया उत्तरं न जानामि।” इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत् ”यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणि।” अतः म्लानमुखेन नागरिकेण समयानुसारं दशरूप्यकाणि दत्तानि।

24. **निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक श्लोक की सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+3=5**
    (क) मरणं मङ्गलं यत्र विभूतिश्च विभूषणम्।
    कौपीनं यत्र कौशेयं सा काशी केन मीयते।
    (ख) उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
    वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।

25. **स्वपठित खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए। 3**

**अथवा**

**स्वपठित खण्डकाव्य के प्रमुख नायक/नायिका का चरित्र चित्रण कीजिए।**

26. (क) **निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं उनकी दो रचनाएँ लिखिए– 3+2=5**
    (i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) डा० राजेन्द्र प्रसाद
    (ख) **निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं उनकी दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 3+2=5**
    (i) सूरदास (ii) रसखान (iii) महादेवी वर्मा

27. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ श्लोक लिखो जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2**

28. **भाई की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिन के अवकाश हेतु अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 4**

29. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए– 1+1=2**
    (i) वाराणसी किमर्थं प्रसिद्धः ?
    (ii) गीतायाः कः सन्देशः ?
    (iii) कुत्र मरणं मङ्गलं भवति ?
    (iv) अलक्षेन्द्रः कः आसीत् ?

30. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 7**
    (i) बेरोजगारी की समस्या व समाधान
    (ii) पर्यावरण एवं स्वास्थ्य
    (iii) जनसंख्या विस्फोट–कारण व निवारण
    (iv) राष्ट्रीय एकता